होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# रंगभूमि



बिलासपुर, बुधवार 4 मार्च 2026

**खबर संक्षेप**

## हाईकोर्ट में तीन दिनों का होली अवकाश, 9 मार्च को खुलेगा

**बिलासपुर।** होली पर्व पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 4 से 6 मार्च तक अवकाश रहेगा। 7 मार्च शनिवार व 8 मार्च रविवार होने के कारण 9 मार्च से नियमित कामकाज प्रारम्भ होगा। इसमें ध्यान रहे कि 28 फरवरी को अवकाश के दिन कोर्ट लगाकर एक अवकाश को एडजेस्ट किया गया है। इस प्रकार राज्य शासन ने 4 मार्च को रंगपर्व पर अवकाश घोषित किया है।



## कानन पेण्डारी का गेट बंद रहेगा आज



**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू का गेट 4 मार्च को होली पर्व के दिन बंद रखा जाएगा। अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फेयर की ओर से संचालित होने वाले कानन पेण्डारी जू में सबसे अधिक सैलानियों की भीड़ छुट्टी के दिन रहती है। कानन पेण्डारी जू में 75 प्रजातियों के 750 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणी हैं। इनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी कानन प्रबंधन के ऊपर रहती है। होली पर्व पर हुड़दंग और वन्यप्राणियों की सुरक्षा को देखते हुए कानन प्रबंधन ने 2 मार्च यानि होलिका दहन के दिन कानन पेण्डारी जू के गेट शाम तक ओपन किया गया था। वहीं तीन मार्च को होली का पर्व नहीं मनाए जाने के कारण गेट समय के अनुसार ओपन और बंद किया गया। प्रबंधन ने 4 मार्च को होली पर्व पर कानन पेण्डारी जू का गेट करने का आदेश दिया है। वहीं 5 मार्च गुरुवार से कानन पेण्डारी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे सैलानियों के लिए ओपन कर दिया जाएगा।

## राज्य महिला आयोग की सुनवाई 10 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 10 मार्च को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य पीड़ित महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सुबह 10 बजे से शुरू होगी। इसमें बिलासपुर संभाग के जिलों से प्राप्त पीड़ित महिलाओं के आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में राजस्व, प्रमाण पत्र, सीमांकन सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए गए। बिल्हा विकासखंड के ग्राम बिटकुली निवासी महादेव नेताम ने आवेदन देकर बताया कि उनके बच्चों का स्थायी जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास स्वयं की भूमि नहीं है, जबकि उनके चाचा के पुत्रों का स्थायी जाति प्रमाण पत्र बन चुका है। उन्होंने उसी आधार पर उनके बच्चों का भी प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आवेदन एसडीएम बिल्हा को प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# दुबई में फंसे करगी रोड कोटा के तीन दोस्त पर्यटन के लिए गए थे, लगाई वापसी की गुहार



- ईरान व इज़राइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर
- बुर्ज खलीफा पर किसी प्रकार का मिसाइल अटैक नहीं हुआ

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पश्चिम एशिया में ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख शहर दुबई तक महसूस किया जा रहा है। इसी बीच करगी रोड, कोटा (छत्तीसगढ़) के तीन युवक शिवम मिश्रा, आकाश अग्रवाल और आयुष अग्रवाल के दुबई में फंसे होने की खबर से उनके परिजनों में चिंता का माहौल है। तीनों युवक पर्यटन के उद्देश्य से दुबई गए थे, लेकिन वापसी के दिन से ही क्षेत्रीय सुरक्षा हालात को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है।

इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार करगी रोड निवासी शिवम मिश्रा अपने दो साथियों आकाश अग्रवाल और आयुष अग्रवाल के साथ घुमने के लिए दुबई पहुंचे थे। इसी दौरान पश्चिम एशिया में ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते सैन्य टकराव और सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों ने क्षेत्र का माहौल संवेदनशील बना दिया। वापसी की निर्धारित तिथि के आसपास हालात में आई तेजी के कारण वहां मौजूद भारतीय नागरिकों के बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### तीनों दोस्त फिलहाल होटल में सुरक्षित

शिवम मिश्रा ने अपने परिवार से संपर्क कर जानकारी दी है कि क्षेत्र में अनिश्चितता का वातावरण है, हालांकि वे तीनों फिलहाल होटल में सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि दुबई के प्रतिष्ठित स्थल बुर्ज खलीफा पर किसी प्रकार का मिसाइल अटैक नहीं हुआ है। परिवार के अनुसार शिवम ने अपील के माध्यम से अपनी स्थिति साझा की है, जिससे स्थानीय स्तर पर चिंता और बढ़ गई है। परिजनों ने भारत सरकार और विदेश मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि दुबई और आसपास के क्षेत्रों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेष उड़ानों की व्यवस्था कर उन्हें सुरक्षित स्वदेश लाया जाए। शिवम के परिवार ने बताया कि वे लगातार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संपर्क में हैं।

### जानकारी नहीं दी गई है

फिलहाल इस मामले में किसी ने लिखित रूप से कोई जानकारी नहीं दी है। सामान्यतः विदेश में फंसे नागरिकों से संबंधित सूचनाएं सीधे ईमेल के माध्यम से विदेश मंत्रालय को भेजी जाती हैं और वहीं से आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है। कोई जानकारी आती है तो जरूर पहल करते हुए सारी व्यवस्थाएं कराई जाएंगी।

- **संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### परिजनों ने राज्य और केंद्र सरकार से की अपील

स्थानीय स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों से मामले को केंद्र सरकार तक पहुंचाने की अपील की गई है, ताकि विदेश में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में ईरान–इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव का प्रभाव पूरे क्षेत्र पर देखा जा रहा है। ऐसे में वहां कार्यरत एवं भ्रमण पर गए भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों में स्वाभाविक रूप से चिंता बनी हुई है। फिलहाल परिवार को भारत सरकार की ओर से सकारात्मक पहल की उम्मीद है और वे शिवम तथा उनके साथियों की सुरक्षित व शीघ्र वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।

### सवा चार एकड़ जमीन पर बनेगी बिल्डिंग

# चांटीडीह भैंसाबाजार में 20 करोड़ में बनेंगे दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 20 करोड़ खर्च कर व्यवस्थित मार्केट के साथ दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। इसके लिए चांटीडीह भैंसाबाजार की सवा चार एकड़ जमीन पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। ड्राइंग डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। इसमें साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा तो नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्पलेक्स बनेगा। इसमें करीब 54 दुकानें रहेंगी। इसका प्रस्ताव भी शासन के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही अभी जहां सब्जी बाजार लग रहा है उसे हटाते हुए यहां के छोटे दुकानदानों को चबूतरे और दुकानें आबंटित की जाएंगी। इसके लिए एमआईसी में प्रस्ताव लाया जाएगा। मौके पर दुकानें और चबूतरे बनकर तैयार भी हो गए हैं।

गौरतलब है कि पिछले दिनों चांटीडीह सब्जी मंडी में निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानदारों को बाहर किया था। यहां वर्षों से निगम की दुकानों पर अवैध कब्जा था, लेकिन अब सभी जर्जर दुकानों को तोड़कर वहां एक व्यवस्थित और आधुनिक मार्केट बनाने की योजना बनाई गई है। निगम के मुताबिक यहां 49 दुकानों में से केवल 14 का ही विधिवत आवंटन हुआ था, जबकि बाकी बची 36 दुकानों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। बताया जा रहा है कि कई दुकानदारों ने शटर तोड़कर जबरन दुकानें अपने कब्जे में ले ली थी और वर्षों से वहां व्यवसाय कर रहे थे।

### व्यवस्थित सब्जी मार्केट भी रहेगा

- साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा
- नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्पलेक्स बनेगा, इसमें 54 दुकानें रहेंगी



### व्यवस्थित और आधुनिक सब्जी मंडी बनेगी

निगम को इसकी भनक तक नहीं लगी थी। कई दुकानों से निगम को किराया तक नहीं मिल रहा था। हाल ही में निगम ने स्थिति का जायजा लिया और पाया कि दुकानों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। इसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि दुकानों की हालत इतनी खराब है कि उन्हें अब तोड़ना आवश्यक हो गया है। भविष्य में यहां एक व्यवस्थित और आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### बेसमेंट पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर में दुकानें

निगम अधिकारियों का कहना है कि पुनर्निर्माण के बाद दुकानें वैध प्रक्रिया के तहत आवंटित की जाएंगी, जिससे इस तरह की समस्या दोबारा न हो। इस पूरी प्रक्रिया में यह बात गौर करने वाली रही कि कई सालों से इन दुकानों पर अवैध कब्जा था, लेकिन निगम ने लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं की। अब जब दुकानों की हालत पूरी तरह खराब हो गई, तब जाकर सख्त कदम उठाया गया है। अब जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा का कहना है कि दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स में बेसमेंट पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें रहेंगी। इनका विधिवत आबंटन किया जाएगा। बाद में बजट मिलने के बाद सेकेंड फ्लोर में भी दुकानें बनाएं जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए शराब दुकान के साथ दूसरी दुकानों को हटाया जाएगा। निगम के पास यहां 300 मीटर जमीन उपलब्ध है।

### बनाया गया है प्रोजेक्ट

चांटीडीह भैंसाबाजार की सवा चार एकड़ जमीन पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इसमें साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा तो नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्पलेक्स बनेगा। व्यवस्थित मार्केट के साथ दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे।

- **खजांची कुम्हार**

अपर आयुक्त नगर निगम

# मोपका में खुलेगा चावल एटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डधारियों को मिलने वाला खाद्यान्न जल्द ही एटीएम के जरिए भी मिल सकेगा। सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत इस सुविधा को शुरूआती दौर में प्रदेश के तीन जिलों रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग में प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। बिलासपुर का पहला एटीएम मोपका चौक में स्थापित करने की तैयारी की जा रही है।

एटीएम से नगद निकासी की तरह ही जल्द ही चावल एवं अन्य खाद्यान्न भी प्राप्त किए जा सकेंगे। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के अंतर्गत चावल एटीएम स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। एटीएम की स्थापना के बाद राशन कार्डधारियों को राशन लेने के लिए राशन दुकानों में लंबी लाईन नहीं लगानी पड़ेगी। एटीएम स्थापित होने के बाद कार्डधारियों को अपने ही वार्ड के राशन दुकान से ही राशन लेने की बाध्यता भी समाप्त हो सकेगी।

- **अपनी सुविधानुसार खाद्यान्न उठा सकेंगे हितग्राही**

शासन द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में फिलहाल प्रदेश के तीन जिलों में इसे प्रारंभ करने की तैयारी की गई है। इसके अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग में चावल एटीएम स्थापित किए जाएंगे। बिलासपुर के मोपका चौक में जिले का पहला चावल एटीएम स्थापित किया जाएगा। मोपका चौक स्थित स्थित उक्त भवन नगर निगम का है, जहां यह सुविधा प्रारंभ की जाएगी।

### कैसे होगी एटीएम से चावल निकासी, स्थिति अस्पष्ट

एटीएम से चावल की निकासी होनी है, लेकिन कैसे होनी है यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। क्या इसके लिए एटीएम जैसे कार्ड जारी किए जाएंगे, जो एटीएम मशीन में उपयोग किए जाएंगे? या फिर वर्तमान व्यवस्था के अनुसार एटीएम में भी फिंगर प्रिंट के माध्यम से ही चावल का आबंटन किया जाना है? इस संबंध में फिलहाल स्थिति क्लियर नहीं की गई है। हालत यह है कि स्वयं खाद्य विभाग के अधिकारी भी इसकी प्रक्रिया से फिलहाल जनजान हैं।



### प्रारंभ होनी है योजना

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के अंतर्गत एटीएम से खाद्यान्न वितरण की योजना बनाई जा रही है। इसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रायपुर, बिलासपुर व दुर्ग में यह सुविधा पहले प्रारंभ की जानी है। बिलासपुर में चावल एटीएम स्थापित करने मोपका चौक का चयन किया गया है।
अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

# जब्त की गई 5 लाख से अधिक की सागौन



**बिलासपुर।** होली पर्व में रात्रि गश्त के दौरान वन विकास निगम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कोटा परिक्षेत्र में दबिश देकर पिकअप वाहन में लोड सागौन व अन्य प्रजाति की लकड़ियां जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपए से अधिक है। वहीं गाड़ी को छोड़कर आरोपी फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

होली के दौरान अवैध लकड़ी कटाई और वन्यप्राणियों के शिकार को रोकने के लिए राज्य वन विकास निगम ने सभी परियोजना मंडल में नियमित भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई करने निर्देश दिया है। इसके तहत परियोजना मण्डल में नियमित सामायिक एवं रात्रि गश्त किया जा रहा है। विभागीय टीम को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि कोटा परिक्षेत्र के सेमरिया से दानोखार मार्ग के बीच कक्ष क्रमांक पी 805 में एक गाड़ी में लकड़ी लोड है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक अभिषेक सिंह और बिलासपुर वन विकास निगम के मंडल प्रबंधक सत्यदेव शर्मा, उप मंडल प्रबंधक आशुतोष सिंह के निर्देश पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी विवेक देवांगन, रवि कुमार जगत, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल हेमंत सिदार, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल केडी मानिकपुरी, देवसिंह भारद्वाज, हितेन्द्र कुमार दिवान, अरविंद बंजारे, अशोक साहू, राहुल शर्मा, नंदकिशोर सिंह, ओकेश अग्रवाल, रामकिशन यादव व रोपण सुरक्षा श्रमिक व अन्य स्टाफ की टीम ने मौके पर दबिश दी, जिसे देखकर आरोपी दो पिकअप वाहन और सागौन का लट्ठा मौके पर छोड़कर फरार हो गए। विभागीय टीम ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी उनके हाथ नहीं आ सके। मौके पर पिकअप सीजी 13 एल 2428, अवैध कटाई किए गए सागौन लट्ठा 10 नग, एक पिकअप सीजी 10 एवाय 9034 में सागौन लट्ठा 2 नग लोड किया गया था। वन विकास निगम की टीम ने दोनों गाड़ियों में लोड की लकड़ी को जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज खोजबीन शुरु कर दिया है।

### मार्च से मई माह तक ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द

# पुरी स्टेशन में उन्नयन कार्य से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुरदा रोड मंडल के पुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य के कारण मार्च से मई माह तक ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द की जाएगी। इन ट्रेनों में गंतव्य से पहले समाप्त और कई ट्रेनें संबंधित स्टेशन से शुरु होगी। प्रभावित होने वाली ट्रेनों में 17, 24, 31 मार्च को, अप्रैल माह में 7, 14, 21, 28 को और 5 व 12 मई को 12146 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी एक्सप्रेस साक्षी गोपाल स्टेशन से प्रारंभ होगी।



जानकारी के अनुसार 12145 लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस 15, 55, 29 मार्च को, 5, 12, 19, 26 अप्रैल को और 3, 10 मई को साक्षी गोपाल स्टेशन पर समाप्त होगी। 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस मार्च माह में 16, 23, 30 को, अप्रैल माह में 6, 13, 20, 27 को और मई माह में 4 व 11 को साक्षी गोपाल स्टेशन से प्रारंभ होगी, 22909 वलसाड़-पुरी एक्सप्रेस साक्षी गोपाल स्टेशन पर मार्च माह में 12, 19, 26 को, अप्रैल माह में 2, 9, 16, 23, 30 को, मई माह में 7 व 14 को समाप्त होगी। 22910 पुरी-वलसाड़ एक्सप्रेस 15, 2, 29 मार्च, 5, 12, 19, 26 अप्रैल और 3, 10 मई को साक्षी गोपाल स्टेशन से प्रारंभ होगी। 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस बीरपुरुषोत्तम स्टेशन पर 17, 24, 31 मार्च, 7, 14, 21, 28 अप्रैल, 5, 12 मई को समाप्त होगी। 20918 पुरी-इंदौर एक्सप्रेस 19, 26 मार्च, 2, 9, 16, 23, 30 अप्रैल, 7, 14 मई को बीर पुरुषोत्तमपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी। 20472 पुरी-श्रीगंगा नगर एक्सप्रेस 11, 18, 25 मार्च, 1, 8, 15, 22, 29 अप्रैल, 6, 13 मई को बीरपुरुषोत्तमपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी और 20471 श्रीगंगानगर-पुरी एक्सप्रेस 15, 22, 29 मार्च, 5, 12, 19, 26 अप्रैल, 3, 10 मई को बीरसिंहपुर स्टेशन पर समाप्त की जाएगी।

### राखा माइन्स स्टेशन पर रूकेगी उत्कल एक्सप्रेस कल से

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुद दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के राखा माइंस स्टेशन में 18477/18478 पुरी-योनगरी ऋषिकेश और योगनगरी से पुरी के बीच चलने वाली उत्कल एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया है। 4 मार्च से आगामी आदेश तक पुरी से रवाना होने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस राखा माइंस स्टेशन में 4.50 से 4.51 बजे तक और 4 मार्च से आगामी आदेश तक योगनगरी ऋषिकेश से रवाना होने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस राखा माइंस स्टेशन में 18.48 से 18.49 बजे रोकी जाएगी।

### परिवर्तित चलेगी विशाखापट्टनम

दक्षिण मध्य रेलवे रायनापाडु रेलवे स्टेशन पर यार्ड के पुनर्निर्माण के संबंध मं सुरक्षा संबंधी प्री नान इंटरलाकिंग प्री एनआई और नॉन इंटरलाकिंग एनआई कार्य किया जाएगा। 4 मई को विशाखापट्टनम से चलने वाली 12803 विशाखापट्टनम-निजामुद्दीन स्वर्णजयंती एक्सप्रेस विजयवाड़ा के स्थान पर सिंगापुरम रोड, लखोली, दुर्ग, नागपुर होते हुए और विशाखापट्टनम से सिंगापुरम रोड परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण गाड़ी का ठहराव दुव्वाड़ा, सामलकोट, राजमंड्री, ताडेपल्लिंगडेम, एलुरु स्टेशन पर नहीं दिया जाएगा।



# पुलिस चौकस : बनाए गए 78 चेकिंग पाइंट, 76 पेट्रोलिंग पार्टी

**बिलासपुर।** होली में आमजनता की सुरक्षा के लिए जिले में 78 चेकिंग पाइंट बनाए गए हैं, इसी तरह 76 पेट्रोलिंग पार्टी, 37 बाइक पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। पुलिस अधिकारियों के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग कर हुदडंग करने वालों पर नजर रख रही है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर होली पूर्व में जिले में कड़े सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाई गई है। होली के आड़ में किसी भी प्रकार के हुड़दंग या असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सुरक्षा घेरा बनाया गया है। जिले भर में 78 चेकिंग पाइंट बनाए गए हैं, 76 पेट्रोलिंग पाटी, 37 बाइक पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। इसके अलावा राजपत्रित अधिकारी, थानेदार अपने अपने क्षेत्र में मंगलवार की शाम से लगातार पेट्रोलिंग कर हुड़दंगियों पर नजर रख रहे हैं। एसएसपी श्री सिंह स्वयं शहर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। एक दिन पहले होलिका दहन के दौरान पुलिस बल चप्पे चप्पे में तैनात रही है। चेकिंग पाइंट पर पुलिस अधिकारियों के द्वारा वाहन सवारों को रोककर ब्रीद एनालाइजर से शराब पीने की जांच कर रहे हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाते पाए जाने पर गाड़ी जब्त की जा रही है। तेज रफ्तार, ध्वनि प्रदूषण, शांती भंग करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई की जाएगी

होली पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, हुड़दंग या कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

- **रजनेश सिंह** एसएसपी

## खबर संक्षेप

### वन्दे मातरम मित्र मंडल ने देखी फिल्म शतक



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ऊपर वर्षों से जो मिथ्या एवं मनगढ़ंत आरोप लगाकर एक राष्ट्र वादी संगठन को बदनाम करने का जो कार्य कुछ राजनैतिक पार्टियां लगा रहीं हैं, उन सभी विषयों को फिल्म शतक के निर्माता निर्देशक ने बखूबी प्रस्तुत किया है डॉ केशव बलीराम हेडगेवार ने किन परिस्थितियों में संघ का निर्माण किया, किन परिस्थितियों में कांग्रेस से अलग हुए, आपातकाल की विभीषिका किस प्रकार संघ के स्वयं सेवकों पर अत्याचार किए गए एक जीता जागता चित्रण फिल्म के निर्माता वीर कपूर, सह निर्माता आशीष तिवारी एवं निर्देशक आशीष मल्ल ने किया है दर्शकों को सवा दो घंटे बांध कर रखता है। वन्दे मातरम मित्र के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने सभी नागरिकों से विशेष रूप से ऐसे लोगों से जिनके मन में संघ के प्रति गलत धारणाएं उन्हें अवश्य इस फिल्म को देखना चाहिए।

### बाजारों में भीड़, सड़कों पर लगा रहा जाम



**बिलासपुर।** होली पर्व के पूर्व बाजारों में जमकर खरीददारी की गई। इस दौरान बाजार में पैर रखने की जगह नहीं बची। इस दौरान सड़कों पर बड़ी-बड़ी कारों को पार्क कर दिया गया जिसके चलते हर आने व जाने वालों को खासी मुसीबत उठानी पड़ी है। गोल बाजार, सिटी कोतवाली, ज्वाली नाला, सीपत चौक, देवकीनंदन चौक, राजकिशोर नगर, बृहस्पतिबाजार जैसे इलाकों में सोमवार को जबरदस्त भीड़ रही। इस दौरान सड़कों पर गाड़ियों को रेलमपेल लगा रहा है। गोलबाजार में अवैध तौर पर बीच सड़क पर कार को पार्क कर दिया गया, जिसके चलते बार-बार जाम लगने की नौबत आती रही। इस दौरान यातायात का जवान भी नदारद रहा। बताया जा रहा है कि पर्व के करीब आते ही पुलिस की मुस्तैदी पस्त होने लगती है, जिसके चलते सड़क पर यातायात रेंगने लगता है।

### सरकारी स्कूलों में 48 हजार से अधिक पद खाली

**बिलासपुर।** प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी से शिक्षा व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। सरकारी स्कूलों में 48 हजार से अधिक पद खाली हैं। चिंताजनक यह भी है कि वर्ष 2030 तक लगभग 40 प्रतिशत और शिक्षक सेवानिवृत्त हो जाएंगे, जिससे स्थिति और गंभीर होने की आशंका है। हालांकि सरकार ने फिलहाल स्कूलों में 5 हजार पदों पर भर्ती की मंजूरी दी है। इस भर्ती का शेड्यूल भी जारी हो चुका है और परीक्षाएं अक्टूबर में प्रस्तावित हैं, लेकिन शिक्षा विभाग के इस सीमित फैसले को विशेषज्ञ 'ऊंट के मुंह में जीरा' बता रहे हैं। उनका मानना है कि इतनी कम नियुक्तियों से शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद नगण्य है।




गौरतलब है कि व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) सहयोग ने इस साल होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षाओं की संभावित तिथि घोषित कर दी है। तय कार्यक्रम के अनुसार सहायक शिक्षक की परीक्षा 11 अक्टूबर को, शिक्षक की परीक्षा 25 अक्टूबर और व्याख्याता की परीक्षा 29 नवंबर को होगी। दरअसल, राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर 5 शिक्षकों की भर्ती की मंजूरी दी है। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने भर्ती प्रक्रिया के लिए आदेश जारी कर दिया है। आदेश जारी होने के बाद अब विभागीय स्तर पर भर्ती की तैयारी तेज हो गई है। बता दें कि 28 अक्टूबर 2025 को राज्य सरकार ने 4,708 शिक्षकीय पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी थी। बाद में स्कूल शिक्षा विभाग ने 292 अतिरिक्त सहायक शिक्षक पदों के सृजन की मंजूरी दी गई। नए पदों के जुड़ने के बाद कुल स्वीकृत पदों की संख्या बढ़कर 5 हजार हो गई है।

## चंद्रग्रहण पर दिनभर बंद रहे मंदिरों के पट, शहर व कालोनियों में मना होली मिलन

# मोक्ष के बाद मंदिरों में पूजा, गूंजे फाग, आज बिखरेंगे रंग

होलिका दहन देर रात तक शहर के विभिन्न जगहों में किया गया। सोमवार की मध्य रात्रि में होलिका दहन भद्रा के पुच्छ काल में किया गया। शुभ समय रात 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 2 मिनट तक रहा। कुल मिलाकर 1 घंटा 12 मिनट का शुभ मुहूर्त था।



गौरवपथ स्थित बाबजी पार्क में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने सपत्नीक होली मनाई।



राजेंद्रनगर स्थित निवास पर पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने नगाड़े की थाप पर फाग गाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सतीश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को खंग्रास चन्द्रग्रहण होने से भोर सुबह मंदिरों में पूजा-पाठ कर मंदिरों के पट बंद कर दिया गया। रात्रि सात बजे ग्रहण मोक्ष होने के पश्चात मंदिरों में गंगाजल से शुध्दिकरण कर मंदिरों के पट खोला गया। मंदिर खुलते ही पूजन व आरती की गई।

पंडित ने बताया कि शहर में चंद्रग्रहण का आशिंक ही प्रभाव था,मगर सूतक सुबह 9 बजे लग गया था। इस वजह दिनभर मंदिर बंद रहा, मोक्ष होने के बाद मंदिर में पूजन किया गया। बता दें की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल में मंदिरों में पूजा-अर्चना और दर्शन नहीं किए जाते। साल का पहला चंद्रग्रहण दोपहर करीब 3 बजकर 20 मिनटं पर शुरू हुआ था और शाम लगभग 6 बजकर 48 मिनट पर इसका मोक्ष यानी समाप्ति हो गई। ग्रहण संमाप्त होते ही मंदिरों के कपाट दोबारा खोले गए और लोग घरों में स्नान, पूजा और दान जैसे धार्मिक कार्यों किए। बुधवार को रंगोत्सव का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा,होली में सुबह से लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली के पर्व को मनाएंगे।

### इस बार का चंद्र ग्रहण

शिक यानी खंडग्रास चंद्र ग्रहण था। खास बात यह रही कि यह ग्रहण फाल्गुन पूर्णिमा और होली के पर्व के आसपास पड़ा, इसलिए धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण माना गया। हालांकि वैज्ञानिक रूप से चंद्र ग्रहण एक सामान्य खगोलीय घटना है, लेकिन भारतीय परंपराओं में ग्रहण से जुड़े कई धार्मिक नियम और मान्यताएं भी प्रचलित हैं।




### मां महामाया देवी का सुबह 9 बजे पट किया बंद



मंदिर के ट्रस्टी सतीश शर्मा ने बताया कि रतनपुर में भोर सुबह 3 बजे से 7 बजे तक देवी मां का पूजन व कन्या भोज किया गया। सुबह 9 बजे सूतक लगने पर पट बंद किया गया,जो रात्रि 7 बजे के बाद ग्रहण मोक्ष होने के बाद खोला गया। इसके पश्चात माता का भव्य श्रृंगार कर रात्रि 9 बजे तक आमजन के लिए मंदिर खुला रहा।

### मध्यनगरी में होली उत्सव



मध्य नगरी चौक पर होली के पर्व पर मनाया गया,चंदन यादव की प्रस्तुति नगाड़े के साथ और मध्य नगरी भंडारा समिति अष्टमुखी गणेश उत्सव समिति के भाइयों ने मिलकर जोरदार नगाड़े की धुन पर होली का पर्व मनाया। बड़े बुजुर्ग को टीका लगाकर माला से सम्मान किया गया। नारायण तवरकर, राजेश वर्मा, उमाशंकर अवस्थी, प्रभात अवस्थी, राजेश शुक्ला, सुनील शुक्ला, उमाशंकर अवस्थी, कमलकांत तिवारी, राजू सिंह ठाकुर, मनोज शर्मा सहित अन्य गार्डन ग्रुप का सम्मान किया गया।

### रामा लाइफ में रंगोत्सव



रामा लाइफ सोसाइटी महिला मंडल क्लब की ओर से नवनिर्मित रामेश्वर महादेव के मंदिर प्रांगण में रंगोत्सव का आयोजन किया गया। सबसे पहले क्लब मेंबर्स ने महादेव को रंगों से श्रृंगार किया कार्यक्रम में मनोरंजक गेम रखे गए । जिसकी विनर क्रमशः अनामिका नीता और भारती रही। कार्यक्रम में स्वादिष्ट व्यंजन रखे गए और कार्यकम को क्लब की सदस्य आरती पिंपल,जूही चक्रवर्ती,स्मिता अग्रवाल,प्रीति शुक्ला,मोनू अग्रवाल,सीमा गोयल,मंजुला लावेट ने फागुन के रंग में आगंतुक सदस्यों को रंग दिया।

### काशी विश्वनाथ का किया दर्शन



पूर्व जिला अध्यक्ष विजय के शरवानी ने रंगभरी एकादशी के अवसर पर भोले बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन परिवार सहित किया। बेटी आरना केशरवानी, उदय गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता मौजूद रहे।

### यादव महासभा ने लिया फाग महोत्सव का आनंद



अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा द्वारा होली मिलन समारोह सोमवार को मनाया गया। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बताया कि होली के रंग गुलाल के साथ साथ दूध दही छाछ का भी यदुवंशीयो ने खूब आनंद लिया। तबला ढोलक और नगाड़े की मधुर ध्वनि सबको लुभा रही थी। श्री कृष्ण के जयकारों से आभा मंडल गूंज उठा। सभी यदुवंशी भाई बहनों ने फाग महोत्सव का भरपूर आनंद लिया। सभी यादवों में प्रथम होली मिलन फाग महोत्सव को लेकर उत्साह उमंग नजर आया। भुवनेश्वर यादव ने बताया कि यादव फाग महोत्सव होली मिलन के माध्यम से सभी यदुवंशी को एक दूसरे से मिलने का मौका मिला। सभी यदुवंशियों ने एक दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर बधाई दी। छत्तीसगढ़ के लोक गायक चंदन यादव और उनकी टीम की प्रस्तुति शानदार रही। प्रतिवर्ष इसका भव्य आयोजन करने को कहा गया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर राम शरण यादव, निलेश यादव, पिंटू यादव, राकेश यादव, सुनील यादव, दत्तात्रेय यादव, अमित यादव, अनिल यादव, गौरी शंकर यादव, भरत यादव, सूरज यादव, सुरेश यादव, रेवती यादव, ममता यादव, विजय लक्ष्मी यादव, पिंकी यादव, सावित्री यादव, शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में लोगों ने फाग गीतों का लिया आनंद





बिलासपुर प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह एवं फाग महोत्सव का आयोजन 3 मार्च मंगलवार को दोपहर 2 बजे से प्रेस क्लब परिसर में आयोजित किया गया। इसमें प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर सभी सदस्यों एवं पत्रकार साथियों जमकर होली फाग गीतों का आनंद लिया। समारोह में बिलासपुर प्रेस क्लब के सचिव संदीप करिहार ने कहा कि यह आयोजन केवल एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि पत्रकार साथियों के बीच आपसी समन्वय, संवाद और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब सदैव सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजते हुए सदस्यों के बीच आत्मीयता बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को प्राथमिकता देता रहा है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, सह-सचिव हरिकिशन गंगवानी एवं कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद थे।

## एलसीआईटी में टीसीएस का ओपन प्लेसमेंट, 14 का चयन

**बिलासपुर।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का ओपन प्लेसमेंट ड्राइव 20 फरवरी को एलसीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह विशेष प्लेसमेंट ड्राइव कॉमर्स, साइंस एवं आर्ट्स के स्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। चयनित अभ्यर्थियों को टीसीएस के नागपुर कार्यालय में नियुक्त किया जाएगा। कुल 14 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने चयन प्राप्त कर संस्थान और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। टीसीएस की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों में अरपित रहमतकर टैलेंट एक्विजिशन हेड, आकांक्षा जायसवाल एचआर, स्वाति मोरघड़े, जय पोद्दार एवं निरंजन चौरसिया (पैनलिस्ट) शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने कहा कि एलसीआईटी में विद्यार्थियों की प्रतिभा, संचार कौशल और पेशेवर दृष्टिकोण अत्यंत प्रभावशाली रहा।




संस्थान के चेयरमैन प्रमोद जैन एवं वाइस चेयरमैन अंकित जैन एवं सचिव उपकार राय ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एलसीआईटी सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उद्योग-उन्मुख अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राचार्या डॉ. अर्चना शुक्ला तथा उप-प्राचार्य शुभी श्रीवास्तव एवं अभिनव पॉल ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत और संस्थान की सुदृढ़ अकादमिक एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का परिणाम बताया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी अमित पांडेय ने कहा कि एलसीआईटी भविष्य में भी ऐसे राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ सहयोग कर विद्यार्थियों को बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराता रहेगा।

## जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को तत्काल रिलीव करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित टीएल समय-सीमा की बैठक में जिले के विकास कार्यों, निर्माण गतिविधियों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा पर पूर्ण करना है। इसके लिए उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी इस कार्य में लगी है, उन्हें तत्काल रिलीव किया जाए। ताकि जनगणना का काम दिए गए समय सीमा पर पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्माण कार्यों के लिए मिट्टी-मुरूम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तालाबों से मिट्टी एवं मुरूम उठाने के निर्देश दिए गए, जिससे तालाबों का गहरीकरण होकर उनकी जलग्रहण क्षमता भी बढ़ेगी। इस वर्ष कम से कम 200 से 300 तालाबों को इस कार्य में शामिल करने को कहा गया। भू-जल रिचार्जिंग के लिए अधिक से अधिक इंजेक्शन वेल निर्मित करने तथा निर्माण स्थलों के आसपास भी इंजेक्शन वेल बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के बजट में जिले के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।






## खबर संक्षेप

### 53 गांव में विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 21 लाख की स्वीकृति

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर क्षेत्र के 53 गांव में अधोसंरचना



विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 21 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिला के लिए अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से 94 कार्यों के लिए 7 करोड़ 55 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिमसें लोरमी ब्लॉक के लिए 53 गांव में विकास कार्य होंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, ग्रामीण अंचल को विकास से जोड़ना एक बहुआयामी योजना में शामिल है, इससे ग्रामीणों को आवागमन सुदृढ़ होगा बल्कि विकास से ग्रामीणों को लाभ होगा। सरकार हर क्षेत्र में विकास की नई योजना बनाकर आखरी छोर तक पहुंचनाने प्रयास कर रही है। उक्त कार्यों की स्वीकृति पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है एवं ग्रामीणों ने अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### जिला अस्पताल में आईकेएमसी प्रोजेक्ट के तहत कार्यशाला



**मुंगेली।** जिला अस्पताल में आयोजित कार्यशाला में आईकेएमसी प्रोजेक्ट के तहत एसएनसीयू ड्यूटी आबंटन और एसएनसीयू हैंडओवर प्रक्रियाओं से संबंधित प्रमुख संचालनात्मक एवं नैदानिक समन्वय पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण एवं चर्चा का संचालन एम्स रायपुर रिसर्च ऑफिसर आंचल सिंह भदौरिया ने किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ एमके राय साथ ही बाल रोग विशेषज्ञ एवं एसएनसीयू नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप जायसवाल, डॉ मधु ध्रुवा, डॉ अवधेश कश्यप, डॉ निखिल यादव तथा एसएनसीयू नर्सिंग इंचार्ज नैन्सी सिंह भी उपस्थित रहीं। सत्र में आईकेएमसी प्रोजेक्ट पर विशेष जोर दिया गया। जिसका उद्देश्य इमीडिएट कंगारू मदर केयर के माध्यम से नवजात मृत्यु दर को कम करना है। इसके साथ–साथ एसएनसीयू स्टाफ के बीच संरचित ड्यूटी वितरण पर चर्चा की गई, ताकि जवाबदेही और कार्यप्रवाह सुचारु बना रहे, तथा मानकीकृत हैंडओवर प्रोटोकॉल लागू किए जा सकें। जिससे नवजात देखभाल की निरंतरता बनी रहे और क्लिनिकल त्रुटियां कम हों।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में जिले को मिली सफलता



**मुंगेली।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित सामूहिक दवा सेवन अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता और घर-घर पहुंचकर दवा वितरण सुनिश्चित किया। अभियान के दौरान जिले के 8 लाख 49 हजार 864 नागरिकों ने फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कर इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाया। अभियान के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 99.76 प्रतिशत हितग्राहियों को दवा खिलाई गई, जो जिले की स्वास्थ्य टीमों की सक्रियता और आमजन के सहयोग का परिणाम है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चले विशेष अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर नागरिकों को दवा का सेवन कराया और फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि समय पर दवा का सेवन इस रोग से बचाव का प्रभावी उपाय है।

### लहरिया से मिले गोंड़ आदिवासी समाज के पदाधिकारी



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एरमसाही उपकेंद्र गोंड़ आदिवासी समाज कल्याण समिति सोसायटी के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ समाजजनों ने सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष देवसिंह पोर्ते के नेतृत्व में रविवार को विधायक दिलीप लहरिया से भेंट की। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने श्री लहरिया को छत्तीसगढ़ विधानसभा में उप सचेतक नियुक्त किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई दी। समाजजनों ने विश्वास जताया कि, उनके अनुभव, सरल स्वभाव एवं जनसेवा की प्रतिबद्धता से छत्तीसगढ़ विधानसभा में क्षेत्र की आवाज को और अधिक मजबूती के साथ उठाएगा। विधायक दिलीप लहरिया ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सम्मान और दायित्व मस्तूरी विधानसभा की जनता, विशेषकर गोंड़ आदिवासी समाज के स्नेह, विश्वास और समर्थन का प्रतिफल है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सदैव समाज के हक-अधिकार, सम्मान, संस्कृति एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि, क्षेत्र के विकास, युवाओं के भविष्य, किसानों की समृद्धि और समाज की उन्नति के लिए उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा साथ ही विधानसभा के प्रत्येक मंच पर जनभावनाओं को मजबूती से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है मैं उसी विश्वास के साथ क्षेत्र की सेवा के लिए सदैव समर्पित हूं।

### वर्षों पुरानी बिल्डिंग के गिरने से हो सकता है बड़ा हादसा

# जीर्ण शीर्ण हो चुके स्टोर रूम में रहने मजबूर है चौकीदार का परिवार

**12 वर्षों से नहीं मिल पाया है व्यवस्थित कमरा**





**हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार**

लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के चौकीदार का परिवार डर के साए में वर्षों पुराने जीर्ण हो चुके स्टोर रूम में रहने मजबूर हैं।

विभागीय अधिकारी भवन के खस्ताहल होने की जानकारी होने के बाद भी ध्यान नही दे रहे हैं। यह पुरानी बिल्डिंग कभी भी भरभराकर गिर सकती है और बड़ा हादसा भी हो सकता है।

नगर के देउर मंदिर के पास स्थित पीडब्लूडी विभाग के विश्राम गृह में बाहर से आए अशोक निर्मलकर अपने परिवार के साथ विगत 12 वर्ष से चौकीदारी कर रहा है। अभी तक उनको रहने के लिए एक सलामत कमरा तक नहीं मिल पाया है। मजबूरन इसी परिसर में 40 वर्ष पूर्व बने पुराने व जीर्ण शीर्ण स्टोर रूम में रहने मजबूर हैं। अंदर की हालत इतनी खराब है कि कभी भी छत व दीवार गिर सकती है। सरकार के सबसे महत्वपूर्ण विभाग में से एक पीडब्लूडी जो बड़े बडे पुल पुलिया, सड़क और बड़े भवन बनाने के लिए जाना जाता है परंतु अपने ही विभाग के एक छोटे से कर्मचारी को कमरा भी नही दे पा रहे हैं।

**कभी भी गिर सकती है छत**

कर्मचारी ने बताया कि इस टूटे फूटे मकान की मरम्मत के लिए उन्होंने अपने अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई है कि यह सरकारी कमरा अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है कभी भी गिर सकता है। सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के सीजन में होता है। टपकती छत के कारण पूरे परिवार को रतजगा भी करना पड़ता है साथ ही विभागीय कबाड़ हो चुके सामानों और अव्यवस्थित घास के कारण सांप बिच्छू का खतरा भी बना रहता है।

**बनेगा स्टाफ क्वार्टर**

चौकीदार जिस कमरे में है वो स्टोर रूम जीर्ण हो गया है। वर्तमान का रेस्ट हाउस भी काफी पुराना हो चुका है। नए रेस्ट हाउस भवन के लिए इस्टीमेट बनाकर भेजा गया है। इसी के साथ ही स्टाफ क्वार्टर भी बनेगा। फिलहाल चौकीदार को जीर्ण हो चुके स्टोर रूम में नहीं रहने कहा गया है।

-**अभिषेक कौशिक**, सब इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी, मल्हार क्षेत्र

### डीजीआरसी की बैठकः चिकित्सा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा

**मुंगेली।** जिला शिकायत निवारण समिति डीजीआरसी की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में आयुष्मान के निरस्त क्लेम संबंधित, आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड पंजीयन, आभा आईडी पंजीयन मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष, सड़क सुरक्षा योजना नेशनल एंटी फॉड यूनिट से संबंधित प्रकरण की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने कहा कि, शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों को आयुष्मान क्लेम संबंधित दस्तावेजों को पूर्ण रूप से भरा जायें ताकि राज्य स्तर से जिले द्वारा किये गये क्लेमों में आपत्ति न हो। निजी चिकित्सालयों को विशेष रूप से आदेशित किया गया कि, भर्ती मरीजों का शत प्रतिशत उपचार आयुष्मान भारत योजनांतर्गत किया जाए। योजना में पात्रता रखने वाले किसी भी हितग्राही से अतिरिक्त राशि न ली जाए। बैठक में जिला चिकित्सालय के समस्त नसिंर्ग स्टाफ को आयुष्मान क्लेन से संबंधित दस्तावेजों को पूर्ण रूप से अद्यतन कर पोर्टल में अपलोड कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### डीबीटी के माध्यम से होगा छात्रवृत्ति का भुगतान

**मुंगेली।** सत्र 2025-26 में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान सीधे डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों का आधार नंबर बैंक खाते से सीडेड होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही छात्र का नाम परिवार के राशन कार्ड में दर्ज होना भी आवश्यक होगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा है विद्यार्थियों के निशुल्क बैंक खाते खोले जाएं। जिन विद्यार्थियों के बैंक खातों में अभी तक आधार सीडिंग नहीं हुई है।

## निधन

### शहोदरा कौशिक



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी शहोदरा पति स्व. गोवर्धन कौशिक का आज निधन हो गया। वे मनोज कौशिक की माता और आदित्य कौशिक की बड़ी मां थीं।

### तसनीम कपासी



**बिलासपुर।** तखतपुर निवासी तसनीम कपासी का 3 मार्च को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उन्हें दाउदी बोहरा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। वे सादिक अली कपासी की धर्मपत्नी एवं मुश्ताक कपासी की मामी थीं।

### विभा शरद भुरंगी



**बिलासपुर।** कपिल नगर सरकंडा निवासी विभा शरद भुरंगी का मंगलवार को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय शरद भुरंगी की पत्नी, आलोक भुरंगी, जयश्री दीक्षित की माता थीं ।

### हरिराम कश्यप



**जरहागांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक हरिराम कश्यप का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दुर्गा, भावना, माधुरी, सीता, शीतल, के पिता एवं नगर अध्यक्ष वेदप्रकाश कश्यप के चाचा थे।

## 15 सौ किलो महुआ लाहन सहित 47 लीटर कच्ची शराब जब्त

**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार होली त्यौहार के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम शिकारी डेरा में आबकारी विभाग के समस्त वृत्त प्रभारियों की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में महुआ लाहन एवं कच्ची शराब जब्त की।



जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, ग्राम शिकारी डेरा में दबिश देकर मदिरा निर्माण हेतु प्रयुक्त लगभग 1 हजार 500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 40 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। वहीं खपरीखुर्द में कार्रवाई के दौरान प्रेम राज मोहले उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)क, 34(2) एवं 59 क के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

### घर के बरामदे से बाइक पार

**लोरमी।** ग्राम रेहुंटा में घर के सामने से युवक की बाइक पार हो गई। प्राथी ने बाईक चोरी होने की रिपोर्ट थाने दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार शेखर यादव पिता गोरेलाल यादव निवासी रेहुंटा निवासी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह महावीर प्रजापति के यहां मुनीम का काम करता है, जो मुझे आने-जाने के लिये बाइक दी है। 27 फरवरी को रात में घर के परछी में उक्त वाहन खड़ा किया था। दूसरे दिन 28 फरवरी की सुबह सोकर उठा तो देखा कि वाहन क्रमांक सीजी 28के 7130 चोरी हो गया है। पुलिस ने प्राथी की रिपोर्ट पर 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई है।

### जेएमपी कॉलेज में प्री-होली मिलन कार्यक्रम

**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में प्री-होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं अनुशासित वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ विनोद कुमार दुबे सहित प्राध्यापक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष




अनिरुद्ध द्विवेदी, वर्तमान नगर अध्यक्ष योगेश टेकवानी, सुजय पांडेय, दिलीप तोलानी, भारत तोलानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन समिति ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान होली पर्व की खुशी को साझा करने हेतु डीजे की व्यवस्था की गई, जिसमें विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने होली गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। साथ ही सभी उपस्थित जनों को गुलाल का वितरण किया गया। आयोजन शांतिपूर्ण, मर्यादित एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में श्रीयंक कुमार, अनुराग कबीर, अथर्व केशरवानी, मिलन सोनी, अथर्व द्विवेदी, हर्ष मिश्रा, सुदर्शन देवांगन, हिमांशु ठाकुर सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ब्राह्मण समाज की बैठक में दिए गए सामाजिक उत्थान के उद्देश्यों को पूरा करने के सुझाव



**मल्हार।** ब्राह्मण समाज मल्हार की तीसरी बैठक रविवार को समाज के वरिष्ठ सदस्य कौशल प्रसाद पांडेय के निवास में समाज के बुजुर्गों, युवाओं और नवोदितों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। परंपरानुसार भगवान परशुराम की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। जिसमें वरिष्ठ सदस्यों तथा युवाओं ने सामाजिक उत्थान के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु सकारात्मक प्रयासों के संबंध में अपने सुझाव दिए।

वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर चलते हुए सभी ने उत्तम आचरण का संकल्प लिया तथा प्रतिभावान बच्चों के लिए प्रोत्साहन, कमजोर परिवारों का सहयोग करते हुए उचित मार्गदर्शन, तथा परस्पर सहयोग से समाज के उत्थान के लिए निरंतर संगठित प्रयास करने पर सहमत होते हुए परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन के संबंध में निर्णय लिया गया। मल्हार के सभी ब्राह्मण परिवार पिछले कुछ महीनों से परस्पर संपर्क में रहते हुए क्रमशः सदस्यों के निवास में बैठक आयोजित कर रहे हैं जिनमे ऊर्जावान युवाओं के द्वारा समाज के उत्थान हेतु सकारात्मक प्रयासों का क्रियान्वयन बुजुर्गों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। ऐतिहासिक नगरी मल्हार में ब्राह्मणों के संगठित होने को मल्हार के गौरव के पुनरुत्थान की प्रबल संभावना के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर रविशंकर तिवारी, अशोक शर्मा, शिव अवस्थी, राजकिशोर पांडेय, दिलीप पांडेय, वीरेंद्र अवस्थी, सनत पांडेय, अश्वनी तिवारी, जागेश्वर शर्मा, संजय पांडे, ताराचंद अवस्थी, सुरेंद्र शर्मा, अमित पांडेय, राजू तिवारी सहित 50 से ज्यादा युवा शामिल हुए।

## आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की नई कार्यकारिणी गठित



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश तिवारी ने नवीन ब्लॉक डिंडौरी लोरमी में संगठन की नव नियुक्त कार्यकारिणी के गठन कर प्रथम बैठक आयोजित की, जिसमें में विप्रजनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक स्थानीय दुर्गा मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ शुरू हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि, शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार कर समस्त सवर्ण समाज में जागरूकता अभियान चलाकर यूजीसी जैसे काले कानूनों का कड़ा विरोध किया जाएगा। राकेश तिवारी ने कहा कि, ब्राह्मण ना किसी के अभाव में रहता, ना किसी के प्रभाव में। वह हमेशा अपने स्वभाव में रहता है, और उसके इन्हीं मान बिंदुओं व जीवन मूल्यों की सुरक्षा हमारे संगठन की नैतिक दायित्व है। सभा को जिलाध्यक्ष ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, कौशल दुबे, आशीष शुक्ला व पार्थ शुक्ला ने संबोधित किया। नवनियुक्त कार्यकारिणी में कौशल दुबे ब्लाक संयोजक मुख्य संगठन, आशीष शुक्ला - ब्लॉक अध्यक्ष, मुरारी पाठक प्रवक्ता, शंकरलाल मिश्रा ब्लॉक प्रवक्ता, प्रभाकांत उपाध्याय ब्लॉक उपाध्यक्ष, अजय तिवारी ब्लॉक उपाध्यक्ष, संजीव शर्मा ब्लाक उपाध्यक्ष, जयप्रकाश शर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष, सचिव ताराचंद तिवारी, रवि दुबे, सहसचिव विनय पाठक, अभिजीत उपाध्याय, आदर्श उपाध्याय, विशाल दुबे ब्लॉक मीडिया प्रभारी, संदीप शर्मा, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य सुमित तिवारी, मानस शर्मा, गोविन्द शर्मा, गोरे तिवारी, अक्षय पाठक, सचिव नितेश तिवारी शामिल है।

## जपं प्रतिनिधियों का 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यक्रम



**मुंगेली।** जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का 1 वर्ष का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जनपद कार्यालय मुंगेली के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अध्यक्ष ठाकुर रामकमल सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पद्मिनी मोहले, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवचरण भास्कर, जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सभापति पवन पांडेय सहित सभी जनपद सदस्य, कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने सभी सदस्यों को शासन की योजनाओं को अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचकर सभी ग्रामीण भाइयों को लाभ दिलाने हेतु अनुरोध किया गया। पवन पांडेय सभापति ने सभी उपस्थित जनपद सदस्य एवं सरपंच तथा सचिवों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत में विकास के लिए शासन के जारी निर्देश अनुसार कर लगाने तथा टैक्स की राशि वसूली नियम के अनुसार करने हेतु अनुरोध किया तथा सभी लोगों से टैक्स की राशि जमा करने में सचिव साथियों का सहयोग करते हेतु अनुरोध किया गया। पीएम मुफ्त सूर्य घर योजना के विषय में जानकारी देते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवचरण भास्कर के द्वारा सभी लोगों से पीएम सौर ऊर्जा अपने–अपने घरों में लगवाने हेत अनुरोध किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी विक्रम सिंह ठाकुर ने भी शासन की इन उपरोक्त दोनों योजनाओं में सभी से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। जनपद पंचायत की ओर से जिला अंकेक्षण अधिकारी कमलेश मिश्रा द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगामी आने वाले शेष वर्षों के लिए सभी से मिलकर कार्य करने हेतु अनुरोध किया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./ /तह./रा.नि/सीमा./2026
सरकंडा, दिनांक 26/02/2026

प्रति,
1. अरूण कुमार खानखोजे पिता बसंत खानखोजे 2. बहोरिक 3. मनोज 4. ओमप्रकाश 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषय-सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बाबत।**

संदर्भ : न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक / /तह./रीडर/202 बिलासपुर दिनांक 08.01.2026

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका अरूण कुमार पिता बसंत खानखोजे निवासी मंगला द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहित 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकंडा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 266/1 रकबा 0.8140 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 13.03.2026 को सुबह/दोपहर/शाम, समय 11 से 05 बजे तक निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीपः विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।
आवेदक का मोबाईल नंबर 9300419083

**राजस्व निरीक्षक सरकंडा तहसील-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग)**

**सूचना**

क्रमांक/क/रार वि./अमसेना
दिनांक 2/03/2026

प्रति, प्रभाकर राव, प्रकाश राव, आलोक गुहा पिता कमल कुमार गुहा, श्यामा बाई वगै. हरिचंद, गेंदराम व रामाधार, साधूराम, NHAI भारतीय राष्ट्रीय राज्य मार्ग। अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.न. 410, 412, 514 के समस्त बटाकन धारी

विषय – सीमाकन / मौका जाँच / नक्सा बटाकन के समय उपस्थित रहने बावत!

सन्दर्भः न्यायालाय नायब तह.उप तह. सकर्रा/ क्रमांक/क्यू/ना.तह./रीडर/ 2026 सकर्रा दिनांक 27.2.2026 ग्राम बोडसरा प.ह.न. 37 रा.नि.म. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग) आवेदक आलोक गुहा पिता कमल कुमार गुहा के द्वारा खसरा नंबर 411/2 रकबा 0.202 हे. के सीमाकन/मौका जाँच/नक्सा बटाकन हेतु तहसीलदार / नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमाकन/मौका जाँच/नक्सा वटाकन की कार्यवाही दिनांक 6/03/2026 और समय 3 को किया जायेगा जिसमे आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि सम्बन्धी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिशाधित करे उपस्थित नही होने की दशा में सीमाकन कार्य बाधित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ती पर कोई विचार नही किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 26/02/2026
ग्राम कुदुदण्ड

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न. 23 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल रफीक खान पिता अब्दुल समद खान निवासी नेहरू नगर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपनी पत्नि श्रीमती रेहाना बेगम पति अब्दुल रफीक खान दिनांक 23/10/2011 का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगर पालिक निगम बिलासपुर/मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखण्ड बिल्हा/सचिव ग्राम पंचायत नगर पालिका निगम विकासखण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र एवं आधार कार्ड कार्ड सहित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र, शपथपत्र, प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/03/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार बिलासपुर छत्तीसगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार प्रकाशन :-**

क्रमांक / / वा. तह. बोदरी / 2026
बोदरी दिनांक 03/03/2026

एदत द्वारा ग्राम बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदार कैलाश चावला पिता इद्र चावला के नाम पर मौजा बोदरी प.ह.नं. 01 म.न. 02 तहसील बोदरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 258/5, 259/14 रकबा क्रमशः 0.1700, 0. 0160 कुल रकबा 0.1860 हे. भूमि आपस में लगे होने का उल्लेख करते हुए खसरा एकीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/आम जनता को दावा आपत्ति हो तो स्वंय अथवा अपने अभिभावक/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/03/2026 तक कर सकता है। समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी ।

आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया ।

**तहसीलदार बोदरी**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार विजय यादव पिता स्व. संतराम यादव निवासी आस्था एनक्लेव खमतराई बिलासपुर से अधिकृत होकर निम्न आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि ग्राम बिरकोना म.नं.- 02, प.ह.नं.- 47 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 299/2 में से 0.05 एकड़ कृषि भूमि को विक्रेता शंभू, रवि, राजा, राहुल सभी पिता स्व. रामबाबू सूर्यवंशी एवं श्रीमती तीजाबाई पति स्व. रामबाबू के नाम पर दर्ज भूमि स्वामी हक की भूमि जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने हेतु इकरारनामा दिनांक 25/08/2025 को किया गया है। उक्त इकरारशुदा भूमि को विक्रेतागण अधिक पैसा, लालचवश कपट के नियत से किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि ख.नं. 299/2 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को कोई क्रय न करें अन्यथा मेरे पक्षकार कानूनी कार्यवाही करने हेतु विवश होंगे।

सो सूचना जाने
स्थान बिलासपुर
दिनांक 02/03/2026

भवदीय
**प्रेम कुमार साहू अधिवक्ता**
**नया सरकण्डा, श्रीविहार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.-9977950779**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### गर्मी ने पकड़ी रफ्तार तप रहा सूरज

**बिलासपुर।** मार्च की शुरुआत में ही गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,यह सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है और अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवा के कारण दोपहर में गर्मी का असर साफ महसूस किया जा रहा है, रात के तापमान में भी गिरावट नहीं हो रही, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने के कारण सुबह और देर रात भी हल्की गर्माहट बनी हुई है। कहीं-कहीं पर बादल छाने के बाद हवा की गति करीब 2 किमी प्रति घंटा रही, जिससे उमस का प्रभाव देखा जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कोमोरिन क्षेत्र से विदर्भ तक फैले चक्रवाती परिसंचरण और उससे जुड़ी द्रोणिका समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर ऊपर सक्रिय है, लेकिन इसका कोई खास असर प्रदेश के मौसम में नहीं पड़ रहा है।

### होलिका दहन में गई युवतियों से मारपीट

**बिलासपुर।** होलिका दहन में शामिल होने गई युवतियों के साथ एक युवक ने हाथ मुक्का, चप्पल से मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती अपनी दो सहेलियों के साथ होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इसी दौरान एक युवती की परिचित मुंगेली खर्रीपारा निवासी नवीन शर्मा आया और युवती के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। उसकी सहेलियों ने बीच बचाव किया तो युवक ने दोनों सहेलियों के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर हमलावर नवीन शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला, युवक से मारपीट कर 6 वाहनों में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** महिला व युवक से मारपीट करते हुए तीन युवकों ने घर के पास खड़े दो छोटा हाथी, चार ई रिक्शा में पथराव कर जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई भूकंप अटल आवास निवासी ममता साहू ने रिपोर्ट लिखाई। 2 मार्च की रात उनके पति टकेश्वर साहू एवं सेठ्ठी यादव घर के बाहर टेंट के सामान की रखवाली कर रहे थे। रात 1 बजे जादू, प्रेम, मंथन उनके पति के साथ विवाद करने लगे। आवाज सुनकर उन्होंने घर से बाहर निकलकर झगड़ा करने से मना किया तो युवकों ने उनके साथ हाथ मुक्का, बांस से मारपीट की। सेठ्ठी यादव ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दो छोटा हाथी, चार ई रिक्शा में पथराव कर जमकर तोड़फोड़ की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती, दावा आपत्ति 11 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम पंचायत हथनी के आंगनबाड़ी क्रमांक 2 में सहायिका के रिक्त पद पर प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत दावा आपत्ति 11 मार्च तक आमंत्रित है।

**20 उम्मीदवारों को बुलवाया गया था** | **नए कुलपति चयन के लिए राजभवन में हुआ इंटरव्यू**

# ओपन, रायगढ़ विवि के कुलपति सहित सीयू के पूर्व रजिस्ट्रार भी एयू कुलपति की दौड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति की दौड़ में शहीद नंदकुमार पटेल रायगढ़ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया व पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह एवं गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. मनीष श्रीवास्तव भी शामिल हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर के नए कुलपति चयन के लिए मंगलवार को राजभवन में इंटरव्यू आयोजित किया गया था। इंटरव्यू के लिए 20 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया था और दो पार्ट में 10-10 उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ। इंटरव्यू के लिए राजभवन में आज सर्च कमेटी के सभी सदस्य बैठे थे,



जिन्होंने कुलपति पद के उम्मीदवारों से साक्षात्कार किया। अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति की दौड़ में पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह व शहीद नंदुकुमार पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के वर्तमान कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया और गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. मनीष श्रीवास्तव, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के ही प्रो. जीके पात्रा, प्रो. अनिल दीक्षित, प्रो. भरत शर्मा सहित बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी एवं लखनऊ के प्रोफेसर, शिक्षाविद इंटरव्यू में शामिल हुए।

कुलपति पद के लिए इंटरव्यू प्रक्रिया में सहयोग के लिए अटल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों को भी बुलवाया गया था और आज अटल यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार डॉ. तारणीश गौतम एवं फायनेंस अफसर अलेक्जेंडर कुजूर राजभवन गए थे।

### छत्तीसगढ़ व यूपी समेत अन्य राज्यों के उम्मीदवार

अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति बनने के लिए छत्तीसगढ़ से ही करीब 15 प्रोफेसरों ने आवेदन किया था। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि देश के अन्य राज्यों के प्रोफेसर, शिक्षाविद कुलपति पद की दौड़ में शामिल हैं। अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति के लिए राजभवन ने दिसंबर 2025 में विज्ञापन निकाला था और पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से कुलपति पद के लिए 29 दिसंबर तक आवेदन मंगाए थे। इसमें 96 आवेदन आए थे और स्कूटनी के बाद 20 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलवाया गया।

### सर्च कमेटी से हुआ उम्मीदवारों का इंटरव्यू

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति चयन प्रक्रिया के लिए अब राजभवन से तीन सदस्यीय सर्च कमेटी गठित की है। इस कमेटी में राजभवन और यूजीसी का एक-एक प्रतिनिधि और एक प्रतिनिधि यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की तरफ से होते हैं। यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की ओर से अंबिकापुर के डॉ. धीरेन्द्र तिवारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी तरह कुलाधिपति राज्यपाल की ओर से एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी असम के पूर्व कुलपति डॉ. बिद्युत चंदन डेका और यूजीसी की ओर से कर्नाटक यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. विष्णुकांत एस क्षत्रपाली सदस्य के रूप में शामिल हैं। आज राजभवन में इस सर्च कमेटी के समक्ष ही उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ।

### प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य

कुलपति के लिए नियम मापदण्ड तय किए गए हैं, जिसके अनुसार कुलपति पद का उम्मीदवार दूरदर्शी, नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ शिक्षण और अनुसंधान संबंधी जानकार होना चाहिए, साथ ही प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना चाहिए। कुलपति के लिए किसी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो या किसी प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसी तरह यूनिवर्सिटी और कालेजों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता पर यूजीसी विनियम और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के उपाय के शैक्षणिक नेतृत्व का प्रमाण होना चाहिए।

**मदिरा प्रेमियों की भीड़ से विभाग में खलबली**

# उमड़े खरीददार: 30 लाख की प्रीमियम दुकान में करनी पड़ी बांस बल्ली से सुरक्षा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली पर मदिरा प्रेमियों ने जमकर जाम छलकाए। इस दौरान शराब दुकान के बाहर लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

- **अधिकारियों को बुलानी पड़ी पुलिस**

सबसे ज्यादा समस्या राजीव प्लाजा के पास बने प्रीमियम शॉप पर दी। जहां 30 लाख की शराब दुकान में आबकारी विभाग को बांस-बल्ली के सहारे सुरक्षा करनी पड़ी। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा, जिसके चलते अधिकारियों को पुलिस तक बुलानी पड़ी। 30 लाख की प्रीमियम शॉप में बाहर जमकर भर्राशाही देखने को मिली। होली का पर्व होने के कारण मदिराप्रेमियों की बेतहाशा भीड़ लगी रही, पिछले दो दिनों से दुकान की सुरक्षा के लिए आबकारी अधिकारियों को बांस और बल्ली का सहारा लेना पड़ा। खास बात यह है कि इसके बावजूद यहां व्यवस्था सुधरने के बजाए बिगड़ती रही। दुकान के अंदर मौजूद कर्मचारी अपने आदमियों को बाहर लाकर शराब बेचते रहे, जिसे देखने वाला कोई नहीं था। वहीं दोपहर बाद यहां अफरा तफरी का माहौल रहा, जिसके चलते आबकारी अधिकारियों को पुलिस तक बुलानी पड़ी, इससे कतार लगी लेकिन पुलिस के जाने के बाद हालत जस की तस रही। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों द्वारा डमी कर्मचारी बाहर काम करते रहे और लोगों से आबकारी रेट से अधिक पर शराब बेचते दिखाई दिए। इस दौरान दुकान के अंदर मौजूद कर्मचारी उसका हौसला बढ़ाते रहे।

### सड़क तक लगी रही भीड़

प्रीमियम शॉप होने के बावजूद यहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। पिछले कई दिनों से सड़क पर ही गाड़ी पार्क की जा रही है। मंहगी शराब होने के कारण जाहिर है कि मदिराप्रेमी भी रसूखदार ही पहुंचते रहे। इस दौरान उनकी कारें बसस्टैंड से शिवटाकिज मार्ग पर खड़ी रही। जिससे कई बार जाम की स्थिति भी निर्मित होती रही।

### लोगों में रहा भ्रम का माहौल

दरअसल राज्य सरकार ने कुछ महीनों पहले ही होली पर शराब दुकान खुली रहने का आदेश जारी किया था, जिसे बाद में पलट दिया गया और अब होली पर शराब की दुकानें बंद की जाएंगी। इससे मदिराप्रेमियों में भ्रम का माहौल रहा, इसी के चलते शराब दुकानों में लंबी लाइन लगी रही।

# फर्जी क्राइम ब्रांच सिपाही बनकर 54 हजार रुपए की वसूली



पुलिस हिरासत में संदेही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस विभाग द्वारा अधिग्रहित प्राइवेट गाड़ियों के ड्राइवरों ने फर्जी क्राइम ब्रांच सिपाही बनकर झूठे एनडीपीएस मामले में फंसाने की धमकी देते हुए एक ग्रामीण से 54 हजार रुपए की वसूली कर ली। पुलिस ने 6 प्राइवेट ड्राइवरों को हिरासत में लिया है।

कोटा पुलिस के अनुसार, करगीखुर्द निवासी अभिषेक सिंह पिता छत्रप्रताप सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 26 फरवरी को 12.5 बजे उनके घर के सामने कुछ लोगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का सिपाही बताते हुए 50 मिनट तक गाली गलौज की। उसके बाद योगेश पाण्डेय ने फोन कर उन्हें बुलाया और स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10, 4800 में बैठाकर एक किलोमीटर दूर लेकर गए, उसने 1.50 लाख रुपए की मांग की और रुपए नहीं देने पर झूठे एनडीपीएस एक्ट के मामले में फंसा देने की धमकी दी। डर से उन्होंने युवक को 54 हजार रुपए नकद दे दिया। एक लाल रंग की स्विफ्ट क्रमांक 10 बीडब्ल्यू, 3926 में विनय साहू, योगेश पाण्डेय उर्फ भुरू थे, जिन्हें उन्होंने पहचान लिया।

इन्होंने पटैता जाकर मनोज यादव पिता लालमन यादव को गाली गलौज कर धमकी दी थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर देव बघेल, विनय साहू, योगेश पाण्डेय उर्फ भूरू के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 308, 7, 319, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 6 प्राइवेट ड्राइवर हिरासत में, 2 की एमपी में तलाश

पुलिस ने इस मामले में 6 प्राइवेट ड्राइवर प्रभात ठाकुर, विनय साहू, आशीष शर्मा, देव बघेल, शुभम यादव, योगेश पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है, ये सभी पूर्व में पुलिस विभाग में अधिग्रहित स्कापियो के ड्राइवर हैं। पुलिस ड्राइवरों को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उनके दो साथी की पुलिस टीम एमपी में तलाश कर रही है। हिरासत में लिए गए ड्राइवर बिलासपुर, नेवरा, भाड़म के रहने वाले हैं। पकड़ा गया एक ड्राइवर कोटा थाना में व एक ड्राइवर एडीशनल एसपी की गाड़ी चलाता था।

# टेस्टिंग लैब की शुरूआत, मीटर संबंधी समस्याओं का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए अब शहर में मीटर टेस्टिंग लैब की स्थापना की गई है। बिजली कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर में आने वाली समस्याओं का निराकरण जल्द हो सकेगा। खास बात यह है कि अब भिलाई जाकर मीटर सुधरवाने की नौबत नहीं आएगी।



- **अब मीटरों की जांच शहर में संभव**
- **भिलाई जाने की झंझट से मिलेगा छुटकारा**

बिजली कंपनी के तिफरा स्थित कार्यालय में स्मार्ट मीटर टेस्टिंग लैब की स्थापना की गई है, जिसका गुरूवार को शुभारंभ किया गया। पिछले एक साल से मीटर में गलत बिलिंग, यूनिट की अधिकता और अन्य तकनीकी समस्याओं का सामना उपभोक्ताओं के द्वारा की जा रही है ऐसे में क्षेत्र में ही मीटर टेस्टिंग लैब बनाने की मांग की जाती रही है। अब तक गलत बिलिंग तथा मीटर खराब पर मीटर जांच के लिए भिलाई स्थित जांच केन्द्र में भेजा जाता था। इस कार्य मेंअत्याधिक समय लगता रहा है और उपभोक्ता व अधिकारियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। कई बार उपभोक्ताओं में असंतोष होने व वाद-विवाद की स्थिति में कार्यालय का काफी समय बर्बाद होता है लेकिन बिलासपुर में टेस्टिंग लैब खुलने के बाद इस समस्या से छुटकारा मिल सकेगा।

### रीजन के मीटर होंगे चेक

लैब में बिलासपुर रीजन के अंतर्गत मुंगेली, कोरबा, जीपीएम व बिलासपुर एवं रायगढ़ सहित के जांजगीर, रायगढ, सक्ती तथा अम्बिकापुर क्षेत्र के सरगुजा, कोरिया, सुरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर एवं जशपुर के मीटर की टेस्टिंग होगी और रिपोर्ट भी आधे घंटें में मिलेंगें।

### यह अधिकारी रहे उपस्थित

सेंट्रल टेस्टिंग लैब की स्थापना के दौरान मुख्य अभियंता डीके भोजक, अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगडे, पीआर साहू, आरके झा, वीके तिवारी, डीपी बारवा, ईई एसटीएम सैय्यद मुख्तार, मिलिंद पाण्डेय, रुपेन्द्र साहू, अनिल सैनी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुराने व नए मीटर की होगी जांच

2 करोड़ की लागत सेन्ट्रल टेस्टिंग लैब की स्थापना की गई है। पुराने एवं नये स्मार्ट मीटर की जांच की जाएगी। इस यूनिट में मीटर की 84 जांच संभव होगी।

**ए.के. अम्बस्ट,** ईडी, विद्युत विभाग

# होली पर आज तीन बार मिलेगा पानी

**सुबह 6:00 से 8:30 बजे तक, दोपहर 12:30 से 2:00 बजे तक और शाम 5:30 से 6:30 बजे तक जलापूर्ति होगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली पर्व पर शहरवासियों को पानी की किल्लत नहीं होगी। इसके लिए नगर निगम ने विशेष व्यवस्था की है। होली के दिन 4 मार्च बुधवार को पानी की सप्लाई तीन बार की जाएगी। आमतौर पर सुबह और शाम पानी दिया जाता है, लेकिन इस बार दोपहर में भी नलों में पानी आएगा। निगम के जल विभाग के अनुसार सुबह 6:00 बजे से 08:30 बजे तक, दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक और शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे तक जलापूर्ति होगी। इसके साथ ही आपात स्थिति या शिकायत के लिए नगर निगम कार्यालय विकास भवन के प्रथम तल पर केंद्रीय कंट्रोल रूम (फोनः 07752-471224) स्थापित किया गया है। यहां सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रियाज हुसैन 7000200800 तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रेमनारायण जायसवाल 7470357576 तैनात रहेंगे। नगर निगम कमिश्नर ने पानी की अधिक जरूरत को देखते हुए जल विभाग को इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। जल विभाग की टीमें सप्लाई व्यवस्था पर निगरानी रखेंगी, ताकि किसी भी इलाके में पानी की कमी न हो। गौरतलब है कि रंगों का पर्व होली पर दिनभर लोग एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हैं। इसके चलते पानी की खपत बढ़ जाती है। गौरतलब है कि होली के दिन 20 एमएलडी यानी 2 करोड़ लीटर पानी की अतिरिक्त सप्लाई होगी। पानी बचाने व दुरुपयोग रोकने के लिए मदद भी मांगी गई है। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने होली पर पेयजल की अतिरिक्त सप्लाई के लिए नल जल विभाग के प्रभारी सहित पंप ऑपरेटरों को निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। इसके लिए 150 से अधिक पंप ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाई है।

- **2 करोड़ लीटर पानी की अतिरिक्त होगी सप्लाई**



### इनकी लगी ड्यूटी

जोन 1 (सकरी) में हितेश मक्कड़ (9907826133), जोन 2 (तिफरा) में आशीष कुमार गुप्ता 7987003705, जोन 3, 4, 5 (पंप हाउस) में भूषण पैकरा 7745902646 एवं धर्मेन्द्र जोशी 9827994849, जोन 6 (तोरवा) में चन्द्रशेखर साहू 8770705880, जोन 7 (सरकंडा) में गोपाल अग्रवाल 9340969140 और जोन 8 (कोनी) में देवनारायण मरकाम 8770786315 से संपर्क किया जा सकता है।

### रोजाना 40 एमएलडी सप्लाई

गौरतलब है कि 30.42 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले नगर क्षेत्र में प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाती है। 19 पानी टंकियों के अलावा वार्डों में 497 ट्यूबवेल से पंपों के जरिए सीधी सप्लाई की जाती है। 200 से अधिक स्थानों पर हैंडपंप हैं। शहर में 24000 घरों में सामान्य नल कनेक्शन हैं। करीब 3000 के करीब सार्वजनिक नल, 702 व्यवसायिक व भागीरथी नल जल योजना के 2499 नल कनेक्शन हैं।




### जैम पोर्टल : खरीदी में गड़बड़ी, भेजा जवाब

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने जैम पोर्टल माध्यम से सामग्री खरीदी में आर्थिक गड़बड़ी मामले में अटल यूनिवर्सिटी के क्रय समिति सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और एक-एक वेतन वृद्धि रोकने कहा था। इस क्रय समिति सदस्यों ने अपना-अपना जवाब उच्च शिक्षा विभाग को भेज दिया है।

- **एयू के क्रय समिति को भेजा गया था कारण बताओ नोटिस**

एयू के क्रय समिति के सदस्यों ने उच्च शिक्षा विभाग का नोटिस मिलने के बाद अपने आपको निर्दोष बताते हुए जवाब उच्च शिक्षा विभाग को भेज दिया है। अटल यूनिवर्सिटी में जो भी सामग्री खरीदी क्रय एवं टेंडर संबंधी मामला होता है, वह पहले क्रय समिति में जाता है, उसके बाद ही खरीदी, स्वीकृत होती है। इसलिए उच्च शिक्षा विभाग ने अटल यूनिवर्सिटी के क्रय समिति के सदस्यों को भी नोटिस जारी किया था और उनसे यूनिवर्सिटी में जैम पोर्टल माध्यम से सामग्री खरीदी में अनियमितता मामले में जवाब मांगा था। क्रय समिति के सदस्यों को यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार के निलंबन के बाद नोटिस जारी किया गया था। अटल यूनिवर्सिटी के क्रय समिति में वित्ताधिकारी अलेक्जेंडर कुजूर, प्रो. एचएस होता, डॉ. यशवंत पटेल, डॉ. कलाधर, डॉ. नेहा पांडेय एवं डिप्टी रजिस्ट्रार नेहा राठिया सदस्य के रूप में शामिल हैं।




